## 'अभावग्रस्त लोगों की सहायता करना मानव धर्म है'

**जयपुर।** आज घुमंतू जाति उत्थान न्यास के अखिल भारतीय कार्य अधिकारी दुर्गादास जी ने जयपुर में माँ गायत्री व भारत माता के पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर व दीप प्रज्वलित कर घुमंतू जाति उत्थान न्यास के जयपुर प्रांत कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी लोगों से घुमंतू समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए आगे बढ़कर कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि अभावग्रस्त लोगों की सहायता करना ही मानव धर्म और सेवा है। आज आवश्यकता है कि हम अन्य समुदायों के साथ ही घुमंतू समुदाय के बीच भी ब्रिज व नाव बनकर उन्हें अपने साथ लेकर चलें। उनके उत्थान व शासन की हर योजना का लाभ उन तक पहुंचाने में अपना अपना योगदान व सहयोग करें।

जयपुर प्रांत संयोजक महेन्द्र सिंह राजावत ने स्वागत उद्बोधन में जयपुर प्रांत में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यालय के लिए भवन परिसर उपलब्ध करवाने पर आशीष शर्मा का आभार जताया। इस अवसर पर घुमंतू समाज के लिए कार्य करने पर आशीष शर्मा, राजाराम गुर्जर तथा बिजेन्द्र कुमार शर्मा को गायत्री मंत्र का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित भी किया गया। महेश नोगिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राज्यपाल ने आगरा में 'केंद्रीय हिंदी संस्थान ज्ञानकोश 'का ऑनलाइन शुभारंभ किया


राज्यपाल बागडे ने आगरा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संबोधित किया।

■ पुस्तकें सभ्यता और संस्कृति की उन्नित का सबसे बड़ा मार्ग : राज्यपाल

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पुस्तकें सभ्यता और संस्कृति की उन्नित का सबसे बड़ा मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पुस्तकें केवल छपी हुई सामग्री रूप में ही नहीं डिजिटल माध्यमों में देश या समाज की सामूहिक चेतना और प्रतिभा का प्रतिबिम्ब बनती जा रही है। उन्होंने युगानुरूप प्राचीन पुस्तकों और पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर कार्य किए जाने का आव्हान किया।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को आगरा में केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा और भारतीय पुस्तकालय संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में पुस्तकालय सेवाओं का रूपान्तरण' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय हिंदी संस्थान ज्ञानकोश का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

उन्होंने भारत से जुड़ी ज्ञान विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि विदेशी आक्रान्ताओं ने हमारे समृद्ध पुस्तकालयों को नष्ट करने की सुनियोजित सोच से कार्य किया। बारहवी शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को इसलिए जला दिया कि भारत के समृद्ध ज्ञान को नष्ट किया जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि दुर्लभ पांडुलिपियों और पुस्तकों के गायब होने की घटनाएं यह बताती है कि कैसे ज्ञान और बौद्धिक विरासत को नष्ट करने के प्रयास किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ही वह देश रहा है जहां पर विश्व का सबसे पहला और प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद लिखा गया। आज भी पूरा विश्व यह मानता है कि प्रथम उपलब्ध ग्रंथ यही था। अनेक ऋषियों ने इस वेद को कंठ दर कंठ आगे की पीढ़ी को सुनाकर सहेजा और बाद में इसे लिपिबद्ध किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि अब इस तरह तकनीक का विकास हो गया है कि हमेशा हमेशा के लिए पुस्तकों को सुरक्षित करने की दिशा में कार्य हो सके। उन्होंने देश में राष्ट्रपति द्वारा 'वन नेशन, वन डिजिटल लाइब्रेरी' की सोच को ऐतिहासिक बताते हुए भारतीय प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद की संस्कृति पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत, पांडुलिपियों और महत्वपूर्ण पुस्तकों को संरक्षित करने के लिए पठनीय भाषाओं में अधिक से अधिक अनुवाद किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी शिक्षा परम्परा को ब्रिटिश सरकार ने रोजगार से जोड़ दिया। पुस्तकें पढ़कर पास होने की यह प्रवृति पुस्तकों को रटने से जुड़ गई। इससे बौद्धिक क्षमता का बहुत नुकसान हुआ।

जबकि भारत ज्ञान की समृद्ध उस पुस्तक परम्परा से आरंभ से जुड़ा रहा है जहां पुस्तकों का अध्ययन रटना नहीं होता था बल्कि उससे अपने आपको विकसित करना होता था। इसीलिए हमारे यहां पुस्तकों से विचार संस्कृति का विकास हुआ।

## 45वीं छात्रकला प्रदर्शनी के पुरस्कारों की घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी की45वीं छात्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के10छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है।

अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इस प्रदर्शनी में राज्य भर से 208छात्र-छात्राओं की536कलाकृतियां प्राप्त हुई थीं जिसमें निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिये 110छात्र-छात्राओं की145कलाकृतियों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित है। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर पुरस्कृत10छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रूपये के नकद पुरस्कार,प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे ।

इन छात्रों में अरुण कुमार कुमावत,नागौर (एसेडिंग ग्रेण्डूयर), हर्षा सोनी, ब्यावर (द वाल्स आफ प्रोग्रेस), विजय,जोधपुर (जोधपुरी जारोखा),अनन्या सैनी, अजमेर (चित्तौडगढ-1),प्राची शर्मा,जयपुर (मेमोरी लेन),याशिका जांगिड, (वाईव आफ राजस्थान), सौरभ यादव,अलवर (जीवन संघर्ष1), कृष्णकांत टंगुरिया, (वाट अबाउट अस), श्वेता चौहान,जयपुर (अनटाईटिल्ड-1)धर्मेन्द्र पंडित (कंधो पर समाज) शामिल हैं।

## सार-समाचार

### अभिनेता विनय आनंद ने किया महल म्यूजियम विजिट



**जयपुर।** भोजपुरी और हिंदी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता विनय आनंद ने आज जयपुर स्थित खजाना महल म्यूजियम का विजिट किया। म्यूजियम में रखे अनमोल पत्थरों, ऐतिहासिक आभूषणों और दुर्लभ संग्रह को देखकर वे काफी प्रभावित नजर आए। खास तौर पर राम सेतु का तैरता पत्थर देखकर विनय आनंद भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि वे भगवान हनुमान के सच्चे भक्त हैं और राम सेतु के पत्थरों को हाथ में ले कर उन्हें गहरी आस्था का अनुभव हुआ। विजिट के दौरान उन्होंने म्यूजियम में प्रदर्शित बॉलीवुड आभूषण संग्रह की भी जमकर सराहना की। म्यूजियम के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। दोनों पुराने मित्र भी हैं, जिससे मुलाकात और भी खास बन गई। उनका स्वागत म्यूजियम के संस्थापक, अनूप श्रीवास्तव ने पारंपरिक सम्मान के साथ किया। यह यात्रा उनके आध्यात्मिक दौरे का हिस्सा थी जिसमे वो अपनी आने वाली ओटीटी सीरीज "एसीपी विक्रांत" के लॉन्च से पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर, खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन भी किए। विनय आनंद ने अब तक 75 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जिनमें दिल ने फिर याद किया, आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया और लो मैं आ गया जैसी फिल्में शामिल हैं। उनका यह दौरा दर्शाता है कि वे कला, संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहरा लगाव रखते हैं। खजाना महल म्यूजियम में उनका आगमन यहां के लिए भी खास पल रहा, जहां उन्होंने पूरे उत्साह से संग्रहालय का अवलोकन किया और अपनी शुभकामनाएं दीं।

### जयपुर में हुक्का बार पर पाबंदी

**जयपुर।** गुलाबी नगरी में बढ़ते हुक्का कल्चर और इससे जुड़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्त कदम उठाया है । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी कर पूरे कमिश्नरेट क्षेत्र में हुक्का बार के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है । पुलिस आदेश के अनुसार, शहर के होटल, रेस्टोरेंट, नाइट क्लब, डिस्कोथेक और फार्म हाउसों में देर रात तक होने वाली हुक्का पार्टियां युवाओं के लिए स्टेटस सिंबल बनती जा रही हैं । इन स्थानों पर नशे की हालत में कई आपराधिक घटनाएं भी सामने आई हैं । जन सुरक्षा और लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने यह कड़ा निर्णय लिया है । यह प्रतिबंधात्मक आदेश 06 फरवरी 2026 से प्रभावी होकर 06 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगा । इस दौरान जयपुर के किसी भी ईटिंग हाउस, बार या पब में हुक्के का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित होगा । पुलिस ने स्पष्ट किया है कि राजस्थान में हुक्का बार संचालन के संबंध में स्पष्ट नियमों के अभाव का फायदा उठाकर संचालक निर्देशों का उल्लंघन कर रहे थे, जिससे कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था । आदेश में चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी संचालक या संस्थान इस निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत दण्डनीय अभियोग चलाया जाएगा। पुलिस ने सभी थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस आदेश की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ।

### 2.10 लाख की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चित्तौड़गढ़ टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत सिंहपुर पंचायत समिति कपासन के ग्राम विकास अधिकारी पारस राम विश्नोई और ग्राम पंचायत के कनिष्ठ सहायक बाबू लाल शर्मा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से 70 हजार रुपए नकद और 1 लाख 40 हजार रुपए का चेक,कुल 2 लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत बरामद की गई है।एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि परिवादी की फर्म द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर क्षेत्र में विकास कार्यों के अंतर्गत करीब 12.80 लाख रुपए के कार्य कराए गए थे। इन कार्यों के मई और जून 2025 के सात बिलों की ऑनलाइन फीडिंग कर भुगतान जारी करने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी व कनिष्ठ सहायक 2.10 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे है।जिस पर शिकायत का सत्यापन होने के बाद एसीबी चित्तौड़गढ़ टीम टीम उप अधीक्षक पुलिस हरिश्चंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस दौरान दोनों आरोपियों को परिवादी से रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

### बिजली बिल कम करने की एवज में 12 हजार की रिश्वत लेता लाइनमैन गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर ग्रामीण टीम ने जोधपुर डिस्कॉम के तकनीशियन प्रथम (लाइनमैन) हरिकिशन मीणा को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी पर घरेलू बिजली बिल की राशि कम कराने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। आरोपी लाइनमैन 33/11 केवी जीएसएस नौसर कार्यालय सहायक अभियंता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम मतोडा में पदस्थ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी जोधपुर ग्रामीण को शिकायत प्राप्त हुई थी कि आरोपी लाइनमैन हरिकिशन मीणा द्वारा परिवादी के घरेलू बिजली बिल की लगभग 80 हजार रुपए की राशि कम कराने की एवज में 12 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए लाइनमैन हरिकिशन मीणा को परिवादी से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### चलती एक्सयूवी में अचानक से लगी आग

**जयपुर।** चलती एक्सयूवी कार में अचाकन से आग लग गई। जिसके बाद मुख्य मार्ग पर हड़कंप मंच गया। कार के बोनट से धुंआ निकलता देख चालक ने बड़ी ही सूझबुझ से कार को सड़क किनारे रोकी और पति-पत्नी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। दम्पति की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले ही महज 10 मिनट में आग कार में पूरी तरह फैल गई और जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि बुधवार देर रात दुर्गापुरा पुलिया के समीप होप हॉस्पिटल के पास चलती हुई एक्सयूवी कार में अचानक से आग लग गई। कार के बोनट से धुआं निकलता देख दम्पति ने तुरंत कार को साइड में लगाया और बाहर की ओर कूद कर अपनी जान बचाई। राहगीरों की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर 10 मिनट में आग पर काबू पाया। लेकिन आग पर काबू पाने से पहले कार पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गई। बताया जा रहा है इस मामले में फिलहाल किसी भी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### स्टेच्यू सर्किल से विधानसभा टी-पॉइंट तक नो-पार्किंग

**जयपुर।** सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए राजधानी जयपुर के स्टेच्यू सर्किल से पोलो सर्किल व पोलो सर्किल से विधानसभा टी-पॉइन्ट तक रोड के दोनों तरफ वाहन नहीं खड़े करने की अधिसूचना हुई है।पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरडा ने बताया कि आमजन को सुरक्षित व जाम रहित यातायात उपलब्ध कराने के लिए स्टेच्यू सर्किल से पोलो सर्किल एवं पोलो सर्किल से विधानसभा टी-पॉइन्ट तक रोड के दोनो तरफ पूर्णतया नो-पार्किंग स्थल के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस मार्ग पर वाहन पार्किंग कर यातायात अवरूद्ध करने वालों के विरूद्ध यातायात नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## पिकअप से भैंस चोरी करने वाले गैंग के पांच आरोपी गिरफ्तार

■ दर्जनभर वारदातों का हुआ खुलासा
■ चोरी की भैंस और पिकअप वाहन बरामद

**जयपुर।** पुलिस थाना चाकसू ने पशु चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भैंस चोरी करने वाली एक शातिर गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक भैंस और वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर दक्षिण पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस थाना चाकसू ने कार्रवाई करते हुए भैंस चोरी करने वाली एक शातिर गैंग के शातिर बदमाश सूरज नायक (19) निवासी चाकसू,मनीष नायक (18) निवासी चाकसू,देवा उर्फ देवराज (19) निवासी चाकसू,पन्या उर्फ स्टेफनी (18) निवासी कोटखावदा औरराजवीर नायक (21) निवासी शिवदासपुरा को गिरफ्तार किया है।इनमें से आरोपी देवा और मनीष का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है । इस वारदात के खुलासे में थानाधिकारी मनोहर लाल, हेड कांस्टेबल खेमचंद, कांस्टेबल जगदीश व बाबूलाल की अहम भूमिका रही । विशेष रूप से कांस्टेबल राजेश कुमार और जितेंद्र कुमार ने इस गैंग को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि पिछले कुछ समय से चाकसू, शिवदासपुरा, कोटखावदा और सांगानेर सदर इलाकों में अज्ञात चोरों द्वारा भैंस चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था ।

वारदातों की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त भवानी सिंह के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया ।

## बिना अनुमति डीजे बजाने पर पुलिस कमिश्नरेट ने लगाई पाबंदी

**जयपुर।** गुलाबी नगरी में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और इससे आमजन को होने वाली परेशानियों को देखते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कड़ा रुख अपनाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत विशेष निषेधाज्ञा जारी की है। इसके तहत अब शहर में किसी भी सामाजिक या सांस्कृतिक समारोह में बिना अनुमति डीजे या अन्य तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

पुलिस के अनुसार शहर में होने वाले आयोजनों में तेज आवाज में डीजे बजाने से बुजुर्गों,बीमार व्यक्तियों और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । साथ ही, वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के कारण विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। इसी लोक व्यवस्था और शांति को बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# मैट्रिमोनियल और डेटिंग एप्स के नाम पर हो रही साइबर ठगी

■ जालसाज अब जीवनसाथी.कॉम और शादी.कॉम जैसे मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ टिंडर और बम्बल व क्यूपिड जैसे डेटिंग एप्स का दुरुपयोग कर रहे हैं

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान के मार्गदर्शन में प्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक नया और चिंताजनक ट्रेंड पकड़ा है।

डीआईजी साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि विश्लेषण के दौरान यह सामने आया है कि जालसाज अब जीवनसाथी.कॉम और शादी.कॉम जैसे मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ टिंडर और बम्बल व क्यूपिड जैसे डेटिंग एप्स का दुरुपयोग कर रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स पर शादी या रिश्ते की तलाश कर रहे मासूम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।ताकि उन्हें भावनात्मक रूप से फंसाकर उनकी गाढ़ी कमाई को निवेश के नाम पर ऐंठा जा सके।

साइबर ठगों का यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता है। अपराधी सबसे पहले असली लगने वाली नकली प्रोफाइल बनाते हैं, जिसमें चोरी की गई आकर्षक फोटो और फर्जी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पेशा और उच्च आय का उपयोग किया जाता है। एक बार संपर्क होने के बाद ये ठग हफ्तों तक वीडियो कॉल और व्हाट्सएप के जरिए पीड़ित का भरोसा जीतते हैं। ये लोग अक्सर नकली बैकग्राउंड का इस्तेमाल कर खुद को विदेश में या बड़े ऑफिस में होना दिखाते हैं। जब पीड़ित पूरी तरह इनके भावनात्मक जाल में फंस जाता है, तो ये अपराधी क्रिप्टोकरेंसी या हाई-रिटर्न इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा लगाने के लिए इमोशनली ब्लैकमेल करना शुरू करते हैं।

नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने एडवाइजरी में सलाह दी गई है कि किसी भी व्यक्ति की प्रोफाइल देखते ही उस पर भरोसा न करें, बल्कि गूगल पर रिवर्स इमेज सर्च के जरिए उसकी फोटो की वास्तविकता जांचें। जब तक किसी व्यक्ति से आमने-सामने मुलाकात न हो जाए, तब तक अपनी निजी वित्तीय जानकारी, बैंक डिटेल्स या फोटो साझा न करें। विशेष रूप से ध्यान रखें कि यदि कोई व्यक्ति बहुत कम समय में अवास्तविक रिटर्न का वादा करता है, तो वह निश्चित रूप से एक धोखाधड़ी का जाल हो सकता है। बैंकों द्वारा समय-समय पर भेजे जाने वाले जागरूकता संदेशों को ध्यान से पढ़ें और उनका पालन करें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए। इसके लिए सरकार द्वारा जारी साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल किया जा सकता है।

# 6 जिलों से लापता 17 लोगों को खोजने में जुटी राजस्थान पुलिस

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश के 6 जिलों सीकर, झुंझुनू, दौसा, जालौर, सिरोही और भरतपुर से गुमशुदा कुल 17 व्यक्तियों को खोजने के उद्देश्य से पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील की है।

पुलिस के अनुसार सीकर जिले के थाना अजीतगढ क्षेत्र से विष्णु सिंह पुत्र भगवान सिंह राजपूत(15) निवासी दिवराला, कद 5 फीट, रंग सांवला है, थोई क्षेत्र से पूजा पुत्री मदन लाल बलाई (17) कद 5 फीट, रंग गेहुंआ लापता है। वही झुन्झुनु जिले के थाना बबाई क्षेत्र से अमर सिंह पुत्र चौखाराम सैनी (65) निवासी ढाणी मामराज की तन बबाई, कद 5.7 फीट, रंग गेहुँआ गुमशुदा है।

जालोर जिला के थाना बागरा क्षेत्र से सम्पी कुमारी पुत्री निम्बाराम(19) कद 5 फीट, रंग गेंहुआ औऱ सिरोही जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र से लक्ष्मी पुत्री तलसाराम (16), कद 4.6 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान सलवार सूट पहने हुए है; गुमशुदा है।

भरतपुर जिले के थाना रूपवास क्षेत्र से मनीष कुमार पुत्र घनश्याम सिंह जाट (26) निवासी जटमासी, कद 6 फीट, रंग सांवला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने हुए है, थाना रूपवास क्षेत्र से सुहाना पुत्री सलीम खान (19) निवासी भिडयानी, कद 5 फीट 2 इंच, रंग गोरा, पहचान गुलाबी सलवार व सूट पहने है। थाना रूदावल क्षेत्र से हेम सिंह पुत्र मटोल सिंह गुर्जर (60) निवासी सिजाडा, कद 5 फीट, रंग गेहुंआ, धोतीकुर्ता पहने हुए है। थाना मथुरागेट क्षेत्र से गोविन्दा पुत्र बदन सिंह कश्यप (32) निवासी धीगर मौहल्ला, कद 5.6 फीट, रंग सांवला, पहचान सफेद शर्ट व काला रंग का लोअर पहने हुए है; गुमशुदा है। इसी प्रकार थाना मथुरागेट क्षेत्र से रामकिशन पुत्र रतन लाल जाटव (51) निवासी परपरा मोहल्ला, कद 6 फीट, रंग-सांवला, पहचान आसमानी शर्ट व काले रंग की पेन्ट पहने है। थाना लखनपुर क्षेत्र से नागेश कुमार पुत्र लेखराज जाटव (16) निवासी भरकऊ, कद 4.8 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना रूदावल क्षेत्र से पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र जवाहर सिंह प्रजापति (31) निवासी मात्रपुरा, कद 5 फीट, रंग सावंला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना रूदावल क्षेत्र से ही जितेन्द्र पुत्र रामलाल(27) निवासी नारौली, कद 5.10 फीट, रंग सांवला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना कोतवाली क्षेत्र से अंशु शर्मा पुत्र लोकेश शर्मा(16) निवासी रणजीत नगर, कद 5.6 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान महरूम जैकेट व नीली पेन्ट पहने हुए है, गुमशुदा है।

## 'मास्टरिंग प्रोफेशनल्स एटिकेट्स विद एआई' कार्यशाला का आयोजन

**जयपुर।** निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कार्मिकों का नवीनतम तकनीकों से लैस होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में एआई की मदद से न केवल राजकीय कार्यों में गति लाई जा सकती है,बल्कि इसके उपयोग से पारदर्शिता और सटीकता भी बढ़ती है।

मोदी मुख्यालय के अंबेडकर भवन में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित 'मास्टरिंग प्रोफेशनल्स एटिकेट्स विद एआई' कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

यह कार्यशाला विभागीय अधिकारियों के कार्य कुशलता, प्रोफेशनल कम्युनिकेशन एवं तकनीकी ज्ञान को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से राजकीय कार्यों में तकनीकी उपयोग बढ़ने से आमजन को सहूलियत मिली है।

## हथौड़े से वार कर गरीब परिवार से लूटपाट

■ पति-पत्नी व बच्ची को किया घायल

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में मुहाना मोड़ के समीप अज्ञात बदमाशों ने गहरी नींद में सो रहे गरीब परिवार पर हथौड़े से वार कर तीन जनों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद अज्ञात बदमाशों ने महिला के गले व कानों में पहने सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल हो नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाया। जहां से चिकित्सकों ने तीनों को जयपुर ट्रॉमा सेंटर रैफर कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मुहाना मोड़ के समीप कच्चे मकानों में लुहारों के करीब 10 -15 परिवार रहते है। बुधवार देर रात अज्ञात बदमाश ने गहरी नींद में सोते हुए सोमजी (55) उसकी पत्नी संतोष (50) व उसकी बेटी के सिर पर हथौड़े से जान लेवा हमला कर दिया और महिला के गले ,हाथ व कानों में पहने सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुन आसपास में रहने वाले परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हे नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां से उनकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हे ट्रॉमो सेंटर के लिए रैफर कर दिया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के इलाकों में बदमाशों की तलाश भी की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला व लूट का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

# जेडीए ने इक्कीस बीघा भूमि पर चार अवैध कॉलोनियों को किया पूर्णत ध्वस्त

■ प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-25 में निजी खातेदारी की करीब 21 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णत: ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया जोन-25 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मालीहाला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "आदर्श नगर" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-25 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। ग्राम मालीहाला, तहसील बस्सी,जिला जयपुर में दूसरी करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "गोकुल धाम-1" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-25 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया।

जेडीए द्वारा जोन-25 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मालीहाला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "गोकुल धाम-2" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, ट्री गार्ड व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-25 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-25 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मालीहाला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर में ही करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "गोकुल धाम-3" के नाम से बनाई गई अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-25 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया।

## जयपुर में ड्रोन उड़ाने पर पुलिस की पैनी नजर

**जयपुर।** राजधानी में बढ़ते ड्रोन के चलन और इससे जुड़ी सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कड़ा रुख अपनाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी है। यह आदेश सुरक्षा एजेंसियों द्वारा ड्रोन के जरिए अवांछनीय घटनाओं की आशंका जताने के बाद जारी किया गया है। पुलिस आदेश के अनुसार नैनो श्रेणी (250 ग्राम से कम) को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों (माइक्रो, स्मॉल, मीडियम और लार्ज) के ड्रोन को उड़ाने से पहले डीजीसीए (डीजीसीए) की वेबसाइट डिजिटल स्काई पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। साथ ही संचालक के पास यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) और ऑपरेटर परमिट (यूएओपी) होना भी जरूरी है।

# ट्रैफिक उल्लंघनों पर 5.73 करोड़ से अधिक की राशि राजकोष में जमा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना बनाकर सख्त उपाय करने के निर्देश दिए। जयपुर पुलिस ने जनवरी माह में 1 करोड़ 84 लाख 79 हजार 100 रूपये, दिसम्बर माह में यह 2 करोड़ 3 लाख 41 हजार 71 रुपये व नवम्बर माह में 1 करोड़ 85 लाख 63 हजार 4 सौ रुपये की राशि राजकोष में जमा करवाई गई।

पुलिस कमिश्नर मित्तल के प्रयासों से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है,बल्कि नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों को न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट से भी मजबूती मिली है। न्यायालय द्वारा यातायात नियम की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अधिकतम अभियोजन व्यय अधिरोपित किये जा रहे हैं।कोर्ट में वाहन चालकों पर दोषसिद्धि उपरांत अधिकतम अभियोजन व्यय अधिरोपित किए जाने से पुलिस कमिश्नर मित्तल के प्रयासों को भी मजबूती मिली इसके अलावा अभियान चलाकर आम लोगों को ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए समझाइश भी की गई। हाई रिस्क क्षेत्रों में लगातार गश्त से अत्यधिक दुर्घटना वाले स्थानों की पहचान कर सुधारात्मक उपाय तुरंत लागू किए जा रहे हैं।मित्तल ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित परिवेश बनाना है जहाँ हर नागरिक बिना डर के सड़क पर चल सके।